Volume:1 Issue:24 May2017

# E-newsletter

## (Monthly Publication)

## Kanpur Municipal Corporation

स्मार्ट कानपुर स्वच्छ कानपुर

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in,
Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

Volume:1 Issue:24 May2017

# मासिक ई-न्यूज़लेटर


संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री अविनाश सिंह
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)
आरपी सलूजा
महाप्रबंधक,जलकल

सह संपादक

श्री राम नगीना त्रिपाठी
प्रभारी आई०टी
श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
श्री आर०के ०सिंह
नोडल ऑफिसर अमृत योजना

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी


## Index


1— गंगा सफाई अभियान एवं गंगा आरती |

2 — सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट हेतु स्वीडन से आई टीम के साथ बैठक |

3 — नगर निगम द्वारा वर्मी कम्पोस्टिंग प्लांट का शुभारम्भ |

4— गंगा स्वच्छता दिवस का आयोजन |

5 — माह के प्रथम शनिवार को विशेष स्वच्छता अभियान |

6 — ग्रीनपार्क में स्वच्छता शपथ समारोह |

7 — सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई |

8— वर्कशॉप का निरिक्षण |

9— नगर आयुक्त महोदय जी द्वारा शहर में नगर निगम कि जा रही नाला सफाई का निरिक्षण |


*ई-पत्रिका के सम्बन्ध में किसी प्रकार का सुझाव पर kmcenewsletter@gmail.com मेल किया जा सकता है*

*प्रकाशक — नगर निगम,कानपुर*

# 1-गंगा सफाई अभियान एवं गंगा आरती



दिनांक 2/05/2017 को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत गंगा को निर्मल ,स्वच्छ एवं अविरल रखने हेतु स्वच्छता संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन कानपुर में नगर निगम विभाग एवं सामाजिक सेवा संश्थान द्वारा वृहद गंगा सफाई का अभियान चलाया गया| जिसमे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक श्री यूपी सिंह जी, जिलाधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह जी ,नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंह जी ने सरसैया घाट पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक यूपी सिंह, जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने श्रमदान किया और गंगा की निर्मलता की शपथ दिलाई। इसी कड़ी में मैग्जीन घाट, परमट घाट, ईश्वरीगंज , ब्रम्हावर्त घाट पर लोगों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त अविनाश सिंह वहां उपस्थित लोगो को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाते हुए कहा कि हम गंगा के तट को साफ सुथरा रखेंगे और लोगों को गंगा की स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। हम गंगा में कूड़ा कचरा व पालिथीन नहीं डालेंगे। ऐसे ही कई संकल्पों के साथ सैकड़ों लोगों ने जाजमऊ के सिद्धनाथ घाट पर आयोजित गंगा स्वच्छता संकल्प दिवस कार्यक्रम में गंगा को साफ रखने की शपथ ली। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने संकल्प दिलाते हुए कहा कि गंगा सफाई के लिए लोगों को खुद जागरूक होना पड़ेगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष रेलवे मुख्य यातायात प्रबंधक डा. जीतेंद्र तिवारी, नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंह जी , एडीएम श्री सिटी के0पी सिंह जी एसीएम श्री आनंद सिंह जी ने गंगा किनारे घाट पर पौधरोपण किया |इस अवसर पर एडीएम श्री सिटी के0पी सिंह जी ने कहा कि गंगा सफाई के लिए चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों में कानपुर प्रशासन व यहां की जनता हर समय बढ़ चढ़ कर भाग लेगी। शाम को सरसैया घाट पर मां गंगा की आरती की गई। नमामि गंगे समिति की ओर से महाआरती में श्रीकृष्ण दीक्षित, मनीष बाजपेयी, विवेक मिश्र, अनुज दुबे, शरद दुबे, श्याम मिश्र, अजय त्रिपाठी आदि रहे। वहीं देव दीपावली समिति की ओर से गंगा की महाआरती के साथ शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया।





*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।*

## 2. सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट हेतु स्वीडन से आई टीम के साथ बैठक



दिनांक 16.05.2017 को नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंह की अध्यक्षता में स्वीडन टीम व नगर निगम के अफसरों की बैठक का आयोजन किया गया । जिसमे स्वीडन और पोलैंड की कंपनियों के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके देश में बायो गैस से सिटी बसें चलती हैं। स्लज से किस तरह बायो गैस व विद्युत उत्पादन हो सकता है, इसका प्रस्तुतीकरण भी नगर निगम अधिकारियों के समक्ष किया गया ।टीम ने यह भी बताया कि स्लज से बायो गैस का उत्पादन कर प्लांट के संचालन पर पड़ने वाले वित्तीय भार को 60 फीसद तक कम कर सकते हैं। और किस तरह से स्वीडन में जैविक कूड़े का उपयोग स्लज के साथ मिलाकर ऊर्जा के उत्पादन में किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने आइबीएल कंपनी के पदाधिकारियों से इसकी एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। आइबीएल के पदाधिकारी उल्फ बर्मन का कहना था कि इस क्षेत्र में पोलैंड की केस स्टडी सबसे अच्छी है। नगर आयुक्त जी ने कहा कि बायो गैस के माध्यम से बस संचालन के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। प्रोजेक्ट पर सैद्वांतिक सहमति हो गई है इसे नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को भेज दिया गया है। प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिलने पर मुख्य अभियंता की अगुवाई में एक टीम स्वीडन निरीक्षण व अध्ययन के लिए जाएगी। स्वीडन से आई हुई टीम एसोसिएशन ऑफ स्वीडन इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि बो जल्सटर्म की अगुवाई में टीम ने बिनगवां में बने 210 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने नमूना भी लिया। प्लांट के संचालन में प्लांट से निकलने वाले स्लज से बायोगैस/विद्युत ऊर्जा का उत्पादन कर प्लांट के संचालन पर पड़ने वाले वित्तीय भार को 40 से 60 प्रतिशत तक कम करने के तरीके/उपाय बताये। टीम द्वारा प्लांट से निकले स्लज का नमूना एकत्र किया है, जिसका माइक्रो परीक्षण करते हुए बायोगैस/विद्युत उत्पादन हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक में श्री श्री ए0के0 गुप्ता, अपर निदेशक, आरसी0यू0ई0एस0 ने फिकल स्लज प्रबन्धन के सम्बन्ध में नगर निगम द्वारा अब तक किये गये कार्य के सम्बन्ध में स्वीडन प्रतिनिधियों को अवगत कराया एवं इस सम्बन्ध में यदि कोई नवीन तकनीक हो, तो उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया । बैठक में मुख्या अभियंता श्री मनीष सिंह जी, स्मार्ट सिटी प्रभारी श्री आर0के सिंह जी , स्वीडन व पोलैंड की कंपनियों के ऑस्टेन इकेनग्रेन, रूपाली, एबी बोलाक, रानी एवेनवर्ग, पासिम तिवारी, अपूर्वा शुक्ला, आरजी देविस आदि लोग शामिल रहे |

*सामान्य कर (गृहकर) जमा कर 10 प्रतिशत की छुट का फायदा उठाये और अपने कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।*

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

# 3 नगर निगम द्वारा वर्मी कम्पोस्टिंग प्लांट का शुभारम्भ




पनकी भवसिंह स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट में दिनांक 14.05.17को वर्मी कम्पोस्टिंग प्लान्ट का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्लांट के संचालनकर्ता /आई0एल0एण्ड0एफ0एस के पदाधिकारी एवं नगर निगम से श्री अविनाश सिंह नगर आयुक्त, श्री विनोद कुमार गुप्ता अपर नगर आयुक्त, डा0 आर0के0 सिंह, डा0 पंकज श्रीवास्तव नगर स्वास्थ्य अधिकारी, श्री विनय कुमार राय, जोनल अधिकारी, श्री आर0के0 सिंह, जोनल अभियन्ता, श्री एम0 के0 सिंह, जोनल अभियन्ता, श्री एस0 आर0 गुप्ता, जोनल अभियन्ता व समस्त जोनल स्वच्छता अधिकारी तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे । लोकार्पण के पश्चात आहुत बैठक में वर्मी कम्पोस्टिंग प्लान्ट, कम्पोस्टिंग प्लान्ट व पॉवर प्रोजेक्ट प्लान्ट विषयक जानकारी चाही गयी, जिस पर आई0एल0एण्ड0एफ0एस के श्री शशांक शुक्ल मैनेजर आपरेशन द्वारा अवगत कराया गया गया कि वर्मी कम्पोस्टिंग प्लान्ट दो लेयर के रूप में कार्य करेगा, जिसमें उपर की लेयर में रैड वर्म्स होगें एवं नीचे की लेयर कल्चर की होगी, इस लेयर में कल्चर एवं मोलाइसिस का मिश्रण होगा, जिसको एक-एक माह के पश्चात ट्रे के माध्यम से रिप्लेस/परिवर्तित किया जायेगा। उक्त प्रक्रिया रिसाइकिल प्रोसेस पर आधारित होकर संचालित होती रहेगी, पूरे प्रोसेसे को नमी/ मोसचुराइजर हेतु तकनीकी दृष्टि से नियत अवधि में पाइप लाइन के माध्यम से जल प्रवाह किया जायेगा। इस पूरी प्रक्रिया में 07 से 08 सप्ताह का समय लगता है। मौके पर उपस्थित समस्त जोनल स्वच्छता अधिकारियों को नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मन्दिर के सामने व सब्जी मण्डियों पर कन्टेनर रखवाकर पुजारी जी व प्रबन्ध तंत्र के लोगों से वार्ता कर फूलमाला व अन्य हरी चीजे इन्ही कन्टेनर में रखवायी जाये एवं इसी प्रकार से सब्जी मण्डियों से निकलने वाली खराब सब्जी को वहां पर कन्टेनर रखकर एकत्र किया जाये और वहां से पनकी भवसिंह स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट पर पहुचाया जाये, ताकि वर्मी कम्पोस्टिंग प्लान्ट के संचालन में किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न होने पायें। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय जी ने कहा कि वर्मी कम्पोस्टिंग से प्राप्त होने वाली कम्पोस्ट/खाद के उपयोग हेतु जिला कृषि अधिकारी, जिला वन अधिकारी , जिला उद्यान अधिकारी, कृषि विश्व विद्यालय एवं कृषि उत्पादन सम्बन्धी समस्त विभाग के साथ बैठक कर खाद/कम्पोस्ट का उपयोग कृषि उत्पादन हेतु किया जाना सुनिश्चित किया जाये।



*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 4- गंगा स्वच्छता दिवस का आयोजन



दिनांक 27.05.2017 को कानपुर महानगर के गंगा नदी के किनारे स्थित आवासीय बस्तियों की समस्याओं को दूर करने तथा गंगा नदी में स्थानीय नागरिकों द्वारा की जा रही गन्दगी को रोकने एवं प्रवर्तन कार्य के दृष्टिगत जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन की ओर से "स्वच्छ गंगा दिवस" का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह जी , कानपुर नगर, अपर जिलाधिकारी "नगर" व मुख्य विकास अधिकारी के साथ नगर निगम के नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता , समस्त जोनल अधिकारी, जोनल अभियन्ता एवं जोनल स्वच्छता अधिकारी उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम में कानपुर महानगर के नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से कूड़ा उठान में लगी नगर निगम के 36 वाहन, मे0 जे0टी0एन0 की 15 गाडियों में प्रथम बार स्पीकर लगाकर स्वच्छ भारत का स्लोगन/गाना लगाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जनता के बीच में सफाई का सन्देश पहुँचाना है, भविष्य में इसमें स्वच्छता से सम्बन्धित नये-नये स्लोगन/सन्देश बजेंगे और जन-जागरूकता में सहयोग प्रदान करेंगे। इसी क्रम में सरसैया घाट में श्री मदन भाटिया, अध्यक्ष, देव दीपावली गंगा सेवा समिति ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए नागरिको से अपील की कि गंगा की सफाई के लिए लोगों को नगर निगम व जिला प्रशासन की ओर न देखकर स्वयं अपने अन्दर गंगा की सफाई का जज्बा पैदा करें , तभी माँ गंगा को साफ-सुथरा किया जा सकता है। नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंह ने सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छ गंगा दिवस के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम में सहयोग दिया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग इस कार्यक्रम में जुड सकता है, उसका स्वगत है । "स्वच्छ गंगा दिवस" का आयोग प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को जिाल प्रशासन व नगर निगम के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। तथा मैं इस पावन कार्य में शामिल होने के लिए सभी विभागो को आमंत्रित करता हूँ। इस बार सरसैया घाट को लिया गया अगली बार परमट या किसी अन्य घाट को लिया जायेगा। माँ गंगा की सफाई के लिए 22 घाटों में सफाई हेतु नगर निगम पूरी ताकत लगा देगा। तत्पश्चात् नगर आयुक्त द्वारा जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं वहाँ उपस्थित समस्त नागरिकगणों को स्वच्छता व गंगा सफाई की शपथ दिलाई गयी। तदोपरान्त जिलाधिकारी व नगर आयुक्त द्वारा सरसैया घाट चौराहे से कूडा उठान में लगे 51 वाहनों को हरी झण्डी दिखाते हुए रवाना किया गया । सभी वाहनों स्वच्छता का गाना व स्लोगगन बज रहा था। जिलाधिकारी महोदय जी ने इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों से गंगा की सफाई का.....PTO






आवाहन करते हुए कहा कि जिस तहर हम अपने घरों को साफ-सुथरा रखते है, उसी प्रकार मॉं गंगा को साफ करना हमारा नैतिक धर्म है।

उन्होने कहा कि गंगा घाट में मादक पदार्थ पान, मसाला व गुटका तथा प्लास्टिक को फेकने पूर्णतया प्रतिबन्धित किया जायेगा, साथ ही समस्त नागरिकों को भी जो व्यक्ति गंगा में पान, मसाला व गुटका खाये व प्लास्टिक फेके, उन्हे ऐसा करने से रोके। कार्यक्रम में आये हुए कई गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित किया। गायंत्री संस्था द्वारा नगर आयुक्त से अपील की गयी कि पूर्व में गायत्री परिवार द्वारा सरसैया घाट की दीवारों पर मॉं गंगा की स्वच्छता हेतु कई स्लोगन लिखे गये थे, हम सब पुनः वाल पेन्टिंग करके दीवारों पर स्लोगन लिखना चाहते है। इस पर नगर आयुक्त ने गायत्री परिवार के सदस्यों से कहा कि मैं चाहूँगा कि आप सरसैया घाट के अलावा सभी घाटों पर या जहॉं चाहे इस प्रकार के स्लोगन को लिख सकते है, नगर निगम आपको पूरा सहयोग करेगा।

## 5- माह के प्रथम शनिवार को विशेष स्वच्छता अभियान





दिनांक 06.05.2017 को स्वच्छ भारत मिशन को पूर्ण रूप से साकार करने हेतु माननीय नगर विकास मन्त्री जी द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को शहर में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किये जाने सम्बन्धी प्राप्त निर्देशों के क्रम में कानपुर नगर निगम सीमान्तर्गत प्रत्येक वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान का संचालन किया गया। जिसके अंतर्गत माननीय श्री जगतवीर सिंह द्रोंण महापौर जी एवं नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंग के नेतृत्व में फूलबाग स्थित नानाराव पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया| जिसमे सफाई के साथ-साथ समस्त अधिकारियो/कर्मचारियों को स्वच्छता सम्बन्धी शपथ भी दिलायी गयी साथ ही मा0 महापौर जी व समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से नानाराव पार्क में झाड़ू लगाकर सफाई की गई। इसके साथ ही तत्समय उपस्थित मा0 पार्षद, जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्व क्रियान्वित किये जाने हेतु जनमानस को जागरूक किया गया । इस सफाई अभियान में नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालायों में सफाई की और इस सफाई अभियान को सफल बनाया|

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 6- ग्रीनपार्क में स्वच्छता शपथ समारोह




दिनांक 10.05.2017 को कानपुर स्थित अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम ग्रीनपार्क में गुजरात लायंस बनाम दिल्ली डेयरडेबिल्स के बीच खेले जाने वाले आईपीएल मैच में मैच प्रारम्भ होने के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों, कानपुर नगर के अधिकारियों व ग्रीनपार्क स्टेडियम में मौजूद करीब 25,000 दर्शकों को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कानपुर नगर को एवं माँ गंगा को साफ-सुथरा रखने हेतु माननीय खेलमंत्री श्री चेतन चैहान जी द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। शपथ में दोनों के टीमों के खिलाड़ियों व पदाधिकारियों के साथ-साथ कानपुर नगर के जिलाधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह जी , निदेशक खेल, नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंह जी , मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नगर), अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (भू-अध्याप्ति), यू0पी0सी0ए0 के अधिकारीगण व नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। स्वच्छता शपथ ग्रहण के मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत क्लीन कानपुर ग्रीन कानपुर की टी-शर्ट व कैप भी अधिकारियों व दर्शकों को के बीच नगर निगम द्वारा वितरित कराई गयी ।

## 7- सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंह द्वारा **31.05.17** को सेवा निवृत्त हुए**16** कर्मचारियों को माला पहनाकर, उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शाल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्शीवचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज श्रीवास्तव ,सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 8– वर्कशॉप का निरिक्षण



नगर आयुक्त श्री अविनाश सिंह द्वारा दिनांक 11.05.2017 को वर्कशाप, फजलगंज का मुआयना किया गया। वाहनों के डीजल व कूड़ा उठान हेतु पटल/साइट पर जाने के समय, रूट, चालक व डीजल की मात्रा के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, जिस पर तत्समय उपस्थित श्री संजीव यादव, एस0एफ0आई0, जोन-5 द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिदिन की भांति वाहनों को डीजल हेतु पनकी पैट्रोल पम्प भेजा जा रहा है, डीजल प्राप्त होने के उपरान्त, वाहन साइट पर जाकर लगभग 10.30 बजे तक कूड़े का उठान सुनिश्चित करे साथ ही वाहन रूट, निर्गत डीजल सम्बन्धी पंजिका का भी अवलोकन किया गया। इस प्रकार वाहनों को डीजल प्राप्त करने सम्बन्धी रूट एवं कूड़ा उठान हेतु पटल के रूट सम्बन्धी व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में नगर आयुक्त महोदय जी ने जानकारी ली। एवं कार्य प्रणाली को सुचारू/समुचित किये जाने हेतु नगर निगम मुख्यालय मे 10.30 बजे सर्वसम्बधित अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक आहुत किये जाने सम्बन्धी निर्देश दिये गये। निर्देशित किया जाता है कि प्रभारी अधिकारी कार्मिक, श्री अम्बरीश यादव, प्रभारी वर्कशाप को निर्गत चेतावनी का आलेख प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें का निर्देश दिया |

## 9– नगर आयुक्त महोदय जी द्वारा शहर में नगर निगम कि जा रही नाला सफाई का निरिक्षण









